# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 29-9-25 | 04 | 7-8 |

## हकृवि के मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में टॉपर टॉक प्रेरक कार्यक्रम आयोजित




टॉपरस के साथ महाविद्यालय के विद्यार्थी

हिसार, 28 सितम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 'टॉपर टॉक: प्रयास को उत्कृष्टता में बदलना' विषय पर एक प्रेरक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रतिष्ठित रैंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने भाग लिया। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा ने अपने सम्बोधन में कहा कि शैक्षणिक सफलता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत और उचित मार्गदर्शन बहुत जरूरी है। डॉ. रचना गुलाटी एवं डॉ. दिलीप बिश्नोई ने राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा शुरू की गई इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को टॉपर छात्रों से प्रेरणा लेनी चाहिए। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में कार्तिक (ए.आई.आर.-02), सुहानी (ए.आई.आर.-10) और अजय बिस्ला ए.आई.आर.-44 व सी.ए.यू. (एम.एफ.एस.सी. प्रवेश परीक्षा में प्रथम रैंक) ने भाग लिया। प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों ने अपने अनुभव, तैयारी की रणनीतियों के बारे में बताया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 29-9-25 | 05 | 3-4 |

टॉपरस के साथ महाविद्यालय के विद्यार्थी।

## हकृवि के मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में टॉपर टॉक प्रेरक कार्यक्रम आयोजित

हिसार, 28 सितम्बर (विरेंद्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 'टॉपर टॉक: प्रयास को उत्कृष्टता में बदलना' विषय पर एक प्रेरक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा-2025 में प्रतिष्ठित रैंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में उपरोक्त महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा ने अपने सम्बोधन में कहा कि शैक्षणिक सफलता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत और उचित मार्गदर्शन बहुत जरूरी है। विश्वविद्यालय को शिक्षा और अनुसंधान का बड़ा प्लेटफार्म बताते हुए उन्होंने कहा कि यहां पर अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत और लग्न की बदौलत अपने निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त किया है। डॉ. रचना गुलाटी एवं डॉ. दिलीप बिश्नोई ने राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा शुरू की गई इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को टॉपर छात्रों से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मोहम्मद इदरीश रजा खान सहित डॉ सुनीता, डॉ कविता, डॉ पदनाभ और डॉ कुसुम लता ने भी सत्र में भाग लिया और छात्रों के साथ बातचीत की।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 29-9-25 | 04 | 03 |


## शैक्षणिक सफलता के लिए कड़ी मेहनत और उचित मार्गदर्शन जरूरी

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने 'टॉपर टॉकः प्रयास को उत्कृष्टता में बदलना' विषय पर प्रेरक कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा-2025 में उत्कृष्ट रैंक प्राप्त छात्रों ने भाग लिया।

अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा ने कहा कि शैक्षणिक सफलता के लिए कड़ी मेहनत और उचित मार्गदर्शन जरूरी है। डॉ. रचना गुलाटी और डॉ. दिलीप बिश्नोई ने एनएसएस की इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम का समापन प्रश्न-उत्तर सत्र के साथ हुआ, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक टॉपर्स से बातचीत की। संवाद

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 28.09.2025 | -- | -- |

# हकृवि के टॉपर टॉक प्रेरक कार्यक्रम आयोजित

## अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा-2025 में प्रतिष्ठित रैंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने भाग लिया

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 'टॉपर टॉकः प्रयास को उत्कृष्टता में बदलना' विषय पर एक प्रेरक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा-2025 में प्रतिष्ठित रैंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने भाग लिया। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा ने कहा कि शैक्षणिक सफलता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत और उचित मार्गदर्शन बहुत जरूरी है। विश्वविद्यालय को शिक्षा



और अनुसंधान का बड़ा प्लेटफार्म बताते हुए उन्होंने कहा कि यहां पर अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत और लग्न की बदौलत अपने निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त किया है। डॉ. रचना गुलाटी एवं डॉ. दिलीप बिश्नोई ने राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा शुरू की गई इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को टॉपर छात्रों से प्रेरणा लेनी चाहिए। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में कार्तिक, सुहानी और अजय बिस्ला व सीएयू ने भाग लिया। उनके प्रेरक भाषणों ने प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए समर्पण, निरंतर और स्मार्ट लर्निंग को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम का समापन एक रोचक प्रश्न उत्तर सत्र के साथ हुआ जहां छात्रों ने टॉपर्स के साथ बातचीत की जिससे कार्यक्रम ज्ञानवर्धक और प्रेरक रहा। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मोहम्मद इदरीश रजा खान सहित डॉ सुनीता, डॉ कविता, डॉ पदनाभ और डॉ कुसुम लता ने भी सत्र में भाग लिया और छात्रों के साथ बातचीत की।